आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 22.11.2024
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नागरिकों से भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए राष्ट्र प्रथम दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए शासन ने जारी किया संशोधित आदेश। खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के मानदेय में की गई वृद्धि।
- केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव की कल होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी।

**राशट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी देशवासियों से राष्ट्र प्रथम का दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया है। हैदराबाद में आज लोक मंथन के चौथे संस्करण को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि सभी नागरिकों को देश की सांस्कृतिक तथा बौद्धिक विरासत को समझना चाहिए और हमारी अमूल्य परंपराओं को मजबूत करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि सदियों से भारतीय समाज को विभाजित और कमजोर करने के प्रयास किए गए हैं।

**मुख्यमंत्री समीक्षा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पिथौरागढ़ के कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जनपद की विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जिले में बन रहे मेडिकल कॉलेज सहित अन्य विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की बैठकों का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जल्द से जल्द जनता तक पहुंचाना है, ताकि लोगों को समय पर सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

वहीं बैठक में मौजूद केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि बैठक में राज्य और केंद्र सरकार की किन्हीं कारणों से रुकी हुई विभिन्न योजनाओं को लेकर समय सीमा भी तय की गई।

## आईसीएआर बैठक

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित 28वीं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद क्षेत्रीय समिति की बैठक में प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी, वर्चुअली शामिल हुए। कृषि मंत्री ने किसानों की फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए घेरबाड़ बनाने के लिए विशेष बजट की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जंगली जानवरों के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है, जिससे उनकी खेती में रुचि कम होती जा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि पूर्व में प्रदान किए जाने वाले बजट को फिर से बहाल किया जाए। श्री जोशी ने कहा कि राज्य के ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में तुमड़ी आलू की पारंपरिक खेती पर शोध होना चाहिए। उन्होंने इस फसल की बढ़ती मांग और इसमें संभावनाओं को उजागर करते हुए इसे बढ़ावा देने पर बल दिया। कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की परंपरागत फसलें जैसे– मंडुवा, सांवा, काला भट्ट, तोर और राजमा को जी.आई टैग प्रदान किया गया है। इन फसलों के बीजों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों के लिए उर्द और अरहर जैसी दलहन की नई प्रजातियों को विकसित करने का सुझाव भी दिया। कृषि मंत्री ने जैविक खेती को बढ़ावा देने और कीट व्याधि नियंत्रण के लिए जैव रसायन विकसित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## सं□ाोधित भाासनादे□ा

प्रदेश में 38वें राष्ट्रीय खेल अगले साल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित होने जा रहे हैं। इसके लिए खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शासन ने एक संशोधित आदेश जारी किया है। इसमें प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन, आवश्यक संसाधनों और मानदेयों में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए खेल मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि संशोधित आदेश, राज्य के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

खेल मंत्री ने कहा कि इससे न केवल खिलाड़ियों की तैयारियों को बल मिलेगा, बल्कि उनका प्रदर्शन भी बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि इस संशोधित आदेश से खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को मजबूत आधार मिलेगा। यह कदम न केवल राज्य की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाएगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उनकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## मतगणना

रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव की कल होने वाली मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने बताया कि ईवीएम मशीनों से मतगणना के लिए 14 टेबल लगाई गई हैं। पोस्टल बैलेट और ईटीपीबीएस के लिए 10–10 टेबिल लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट और ईटीपीबीएस से मतगणना की जाएगी। इसके बाद सुबह 8.30 बजे से ईवीएम मशीनों से मतगणना शुरू की जाएगी। उन्होंने सभी कार्मिकों को मतगणना से जुड़े दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए सभी जरूरी कार्रवाई समय से पूरी करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, मतगणना के लिए तैनात माइक्रो ऑब्जर्वर, सुपरवाइजर और सहायकों को तीन चरणों में प्रशिक्षण दिया गया है।

## ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना

ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना का कार्य वर्ष 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। अभी तक रेल विकास निगम लिमिटेड ने 125 किलोमीटर नई ब्रॉड गेज रेल लाइन बिछाई जाने के कार्य में तेजी लाई है। ऋषिकेश में पत्रकारों से बातचीत में रेल विकास निगम के महा प्रबंधक अजीत यादव ने बताया कि इस योजना के दौरान गत चार नवंबर तक 28 ब्रेकथ्रू का कार्य पूरा किया जा चुका है। जबकि दिसंबर 2025 तक 10 और ब्रेकथ्रू का कार्य पूरा कर लिया जाएगा, जिसके अतर्गत 213 किलोमीटर की दूरी पूरी कर ली जाएगी। अभी तक कुल छह एमटी और छह एस्केप सुरंगों के कार्य के लिए पूरी तरह से खुदाई कर ली गई है। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश और कर्णप्रयाग के बीच 125 किलोमीटर नई ब्रॉड गेज रेल लाइन उत्तराखंड राज्य में एक महत्वपूर्ण विकास परियोजना है। इस परियोजना के पूरा होने पर यात्रा के समय और लागत में भी काफी कमी आएगी। श्री यादव ने बताया कि चंद्रभागा, शिवपुरी ,गूलर और अलकनंदा नदियों पर 19 में से पांच बड़े पुलों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। जबकि 13 पुलों को इस वर्ष पूरा कर लिया जाएगा।

## नए टावर

भारत संचार निगम लिमिटेड– बीएसएनएल की ओर से चमोली जिले में 4–जी सर्विस सेचुरेशन के तहत 74 नए टावर स्थापित करने का काम जारी है। इस वर्ष दिसंबर माह तक सभी टावर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बीएसएनएल अधिकारियों की बैठक लेते हुए कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने टावर स्थापना कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रतिदिन इसकी प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर टावर स्थापना कार्यों की सूची संबंधित एसडीएम के साथ साझा करें। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को राजस्व उप निरीक्षकों के माध्यम से टावर स्थापना कार्यो की नियमित निगरानी काने के निर्देश भी दिए। साथ ही स्थानीय स्तर की समस्याओं का त्वरित समाधान करने को कहा। बैठक में बीएसएनएल के अधिकारियों ने बताया कि टावर लगाने का कार्य प्रगति पर है और दिसंबर तक सभी टावर स्थापित कर लिए जाएंगे।